## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–29.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी, झारखंड की चार सीट समेत देशभर की 57 सीटों के लिए आज से नामांकन, गांडेय में उपचुनाव के लिए झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन आज भरेंगी चुनावी पर्चा।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आएंगे, 3 मई को चाईबासा और 4 को पलामू और सिसई में करेंगे जनसभा।

3. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई, जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट के फैसले में देरी के खिलाफ दायर की थी याचिका।

4. कल से शुरू होने वाले राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के लिए छह टीमें पहुंची रांची, आठ टीमें लेंगी हिस्सा, 9 मई तक चलेगा मुकाबला।
5. मौसम विभाग ने कोल्हान और संथाल के 11 जिलों में लू को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट, पलामू, गुमला समेत 6 जिलों में बारिश का पूर्वानुमान।

************************

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण में झारखंड समेत छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीटें, हरियाणा की सभी दस सीटें, उत्तर प्रदेश की चौदह सीटें, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ सीटें, ओडिशा की छह सीटें और झारखंड की चार सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह पर मतदान होगा। उम्मीदवारों के लिए नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 6 मई है। नामांकन की जांच 7 तारीख को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मई है। मतदान 25 मई को होगा। मतगणना 4 जून को होगी। इधर पांचवे चरण की तीन सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री चाईबासा, पलामू और सिसई में जनसभाओं को संबोधित करेंगे । श्री मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर साढ़े बारह बजे से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीट पर चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है।

************************

दुमका लोकसभा क्षेत्र में पहली जून को सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में दुमका जिले के शिकारीपाडा, दुमका और जामा के अलावा जागमताड़ा जिले के नाला और जामताड़ा तथा देवघर जिले का सारठ शामिल है। इन सभी क्षेत्रों में मतदान के बाद इवीएम को दुमका लाया जायेगा और बज्रगृह में इन्हें रखा जायेगा और यहीं चार जून को मतों की गिनती की जायेगी। इस बार भी दुमका पोलिटेकनिक कॉलेज में बज्रगृह बनाया जा रहा है। दुमका के जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त ए दोड्डे ने मतदान के बाद इवीएम को सुरक्षित रखने के लिए बनाये जा रहे बज्रगृह का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

************************

भाजपा के स्टार प्रचारक और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। वे चतरा लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

************************

गोड्डा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क में आयोजित दो दिवसीय गोड्डा मतदान महोत्सव का कल रात समापन हो गया। 2 दिन तक चले इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं के बीच जाकर मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम की पूरी रुप रेखा इलेक्शन इन इंडिया थीम पर आधारित थी। इस अवसर पर यहां विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

************************

पाकुड़ जिला मुख्यालय के रविन्द्र नगर भवन में इंडि एलाइंस कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय सम्मेलन हुआ। इसमें राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, सांसद सह प्रत्याशी विजय हांसदा,विधायक स्टीफन मराण्डी ,दिनेश विलीयम मराण्डी मौजूद रहे। इस दौरान राजमहल लोकसभा सीट पर गठबंधन समर्थित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी विजय हांसदा को संसदीय क्षेत्र के सभी बूथों पर भारी मतों से जिताने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गयी ।

************************

साहिबगंज जिला कृषि विभाग किसानों को खेती–बाड़ी की आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए प्रयास कर रहा है । इसके तहत विभिन्न किसान पाठशाला में किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

************************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तारी में हाईकोर्ट का फैसला आने में देरी के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है।

************************

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी, जो नौ मई तक चलेगी। इस लीग में देशभर के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। मैच खेलने के लिए ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें कल रांची पहुंच चुकी हैं ।

************************

उत्तर–पश्चिमी और पछुआ गर्म हवाओं के प्रभाव से राज्य में चल रही लू की स्थिति और गंभीर होती जा रही है। मौसम विभाग ने राज्य के कोल्हान और संथाल के 11 जिलों के लिए सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला– खरसावां, धनबाद, बोकारो, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में सीवियर हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के पश्चिमी भाग गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में कहीं–कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वहीं राज्य में अगले 3–4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है।

************************

संक्षिप्त खबरें

- दुमका जिले में कल तीन अलग–अलग सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र , दूसरी मसलिया थाना और तीसरी घटना शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र की है।
- सरायकेला कांड्रा मार्ग पर नींद की झपकी आने से बाइक चालक के संतुलन खोने से बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे लगे बोर्ड से टकरा गई। जिसके कारण बाइकसवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया ।
- सरायकेला–खरसावां जिले के नीमडीह पुलिस ने प्रेम प्रसंग मामले में युवक के अपहरण कांड को अंजाम देने की फिराक में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नीमड़ीह थाना प्रभारी ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है जिसमें प्रेमिका के घरवालों ने युवक का अपहरण कर हत्या करने की योजना बनाई थी।
- जमशेदपुर, मिथिला सांस्कृतिक परिषदकी ओर से गोलमुरी स्थित विद्यापति भवन में विद्यापति की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरयू राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

***********************

अखबारों की सुर्खियों से

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 3 मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आने की खबर राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों की सुर्खियों में हैं साथ ही लोकसभा चुनाव की गतिविधियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– झारखंड में शुरु हुआ चुनावी समर, मैदान में मोर्चा संभालेंगे दिग्गज, मोदी तीन को चाईबासा,चार को पलामू और सिसई जाएंगे, राहुल भी करेंगे सभा।

दैनिक हिन्दुस्तान की सुर्खी है– झारखंड में तीसरे चरण का चुनावी महासर आज से। दैनिक भास्कर ने लिखा है– महाभारत 2024 तीसरे चरण की वोटिंग से पहले नए मुद्दे, राजा– महाराजा ...आरक्षण।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– आज से तीसरे चरण की सीटों पर शुरु होगा नामांकन, रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर और धनबाद के लिए अधिसूचना होगी जारी।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है – कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से आज करेंगी नामांकन।

राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है जामताड़ा में चार साइबर ठग गिरफ्तार, भेजे गए जेल।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लवली आनंद ने अपने पद से दिया इस्तीफा, अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है ।

***********************